छोटी कार लांच करेगी हिंदुस्तान मोटर्स

कोलकाता. एक समय अंबेसडर कार की सवारी कर वाहन बाजार पर राज करने वाली हिंदुस्तान मोटर्स अब छोटी कार लाने की तैयारी में है. कंपनी अगले वित्त वर्ष में यह कार भारतीय बाजार में लांच करेगी. हिंदुस्तान मोटर्स की नयी कार बीएस फोर अंबेसडर एनकोर के लांचिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ उत्तम बोस ने कहा कि छोटी कार का निर्माण अंबेसडर प्लेटफार्म पर ही किया जाएगा और यह केवल सेडान संस्करण में होगी. श्री बोस ने कहा कि नयी कार अंबेसडर से सस्ती होगी क्योंकि इसकी लंबाई कम होने से इस पर कम उत्पाद शुल्क लगेगा. हालांकि अभी तक इस नयी कार का नाम तय नहीं किया गया है. उन्होंने दावा किया कि यह नयी कोशिश हिंदुस्तान मोटर्स को एक नयी ताकत के रुप में खड़ा करने के लिए किया जा रहा है. अंबेसडर एनकोर की कीमत 4.98 लाख रुपये है. इसके द्वारा कंपनी अपने टैक्सी खंड को बढ़ावा देना चाहती है. श्री बोस ने बताया कि लांच से पहले ही अंबेसडर एनकोर की 500 कार की बुकिंग हो चुकी है. उनका लक्ष्य प्रत्येक महीने दो हजार अंबेसडर एनकोर बेचना है. इस नयी कार के लांच के साथ ही हिंदुस्तान मोटर्स ने देश के उन 17 शहरों में फिर से कारों की बिक्री शुरू कर दी है, जहां अप्रैल 2010 के बाद से बीएस-थ्री की बिक्री पर पाबंदी लगा दी गयी थी. उन्होंने बताया कि नयी 1.5 लीटर बीएस-फोर डीजल इंजन कार की लांचिंग के लिए कंपनी ने महत्वपूर्ण निवेश किया है. राज्य के टैक्सी यूनियनों ने भी इस नयी कार के बाजार में आने का स्वागत किया है.